

मुझे गौतम गंभीर का टीम इंडिया के नए हेड कोच के तौर पर स्वागत करके बहुत खुशी हो रही है। आज के समय का क्रिकेट बहुत तेजी से बदला है, गंभीर ने इस बदलाव को करीब से देखा है। उन्होंने अपने करियर के कई रोल में नजर आए और सभी शानदार काम किया। - जय शाह

गंभीर के टीम इंडिया के हेड कोच बनने पर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी ▶


## अभिषेक नायर



**40 वर्षीय** अभिषेक नायर ने भारत के लिए तीन वनडे मैच खेले हैं। साथ ही वह गौतम गंभीर के साथ केकेआर में काम कर चुके हैं और उनके बहुत करीबी माने जाते हैं। नायर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के भी करीबी हैं। वह टीम में सहायक कोच के रोल में रहेंगे जबकि गौतम गंभीर बल्लेबाजी कोच का पद भी खुद ही संभालेंगे। इसके अलावा रिपोर्ट्स के मुताबिक फील्डिंग कोच टी दिलीप को फिर से इस पद के लिए चुना जा सकता है। दिलीप फील्डिंग मेडल को लेकर बहुत ज्यादा चर्चा में रहे थे। बीते सालों में टीम की फील्डिंग का स्तर काफी ऊंचा है।


**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के बेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

# भारत के युवा खिलाड़ियों का जलवा, जिम्बाब्वे तो 23 रनों से चटाई धूल, सीरीज में बनाई बढ़त



नई दिल्ली, 10 जुलाई। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर है। जहां, दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है। बुधवार को भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे तीसरे टी20 मुकाबले में 23 रन से हरा दिया और सीरीज में 2-1 की बढ़त भी बना ली है। इससे पहले जहां भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। वहीं दूसरे मुकाबले में भारत की युवा टीम ने जिम्बाब्वे को 100 रन से हराया था। इसके साथ ही अब तीसरे मुकाबले में भी भारतीय टीम को 23 रन से बेहतरीन जीत मिली है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेले गए तीसरे मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रनों का टारगेट सेट किया। जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 6 विकेट गंवाकर 159 रन पर ही सिमट गई।

# भारत को मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : सुनील छेत्री



नई दिल्ली, 10 जुलाई। भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है। कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पिछले महीने अंतराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले छेत्री ने कहा, ''मैंने अपने करियर में कई उतार चढ़ाव देखे हैं लेकिन एक चीज बरकरार रहेगी कि एक दिन दिन हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जिसका हम सभी ने सपना देखा है।'' छेत्री इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खेलना जारी रखेंगे क्योंकि बेंगलुरु एफसी के साथ उनका अनुबंध अगले साल तक है। उन्होंने हालांकि अभी तक फैसला नहीं किया है कि वह कब तक घरेलू फुटबॉल में खेलते रहेंगे। छेत्री अगले महीने 40 साल के हो जायेंगे। 2022 में बेंगलुरु एफसी की अगुआई करते हुए डूरंड कप खिताब दिलाने वाले छेत्री ने कहा, ''मैं अब ज्यादा कुछ नहीं कर सकता हूं क्योंकि मैं संन्यास ले चुका हूं लेकिन मैं भारत को उस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

### टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी

## ऋतुराज गायकवाड़ की बड़ी छलांग, अभिषेक शर्मा की धमाकेदार एंट्री

नई दिल्ली, 10 जुलाई। आईसीसी ने बुधवार को टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की सूची में ऋतुराज गायकवाड़ 13 स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में पहुंच गए हैं। वह 662 रेटिंग अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 77 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों का सामना करने के बाद 11 चौके और एक छक्का मारा था।


शतकवीर अभिषेक शर्मा ने रैंकिंग में धमाकेदार एंट्री की है। वह 75वें पायदान पर आ गए हैं। इंटरनेशनल डेब्यू मैच में शून्य पर पवेलियन लौटने वाले अभिषेक ने इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे दूसरे टी20 में तूफानी शतक ठोका था। उन्होंने 47 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वह सबसे कम पारियों में टी20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की बेहतरीन पारी खेली थी।

इसके साथ ही रिंकू सिंह को भी फायदा हुआ है। वह चार ऊपर चढ़कर 39वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 22 गेंदों में 48 रन बनाए थे, जिसमें दो चौके और पांच छक्के शामिल हैं। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट ने दो आक्रामक कैमियों की बदौलत 25 स्थान की छलांग लगाई। वह 96वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (844) टॉप पर काबिज हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (821) दूसरे नंबर पर हैं।

## गौतम गंभीर की सैलरी को लेकर पेंच फंसा

नई दिल्ली, 10 जुलाई। भारतीय क्रिकेट टीम को अपना नया मुख्य कोच गौतम गंभीर के रूप में मिल चुका है। हालांकि, उनकी नियुक्ति की वित्तीय औपचारिकताएं अभी भी पूरी की जानी बाकी हैं। लेकिन इस समय उनके लिए सबसे अहम चीज तीन साल के कार्यकाल के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के मद्देनजर पसंदीदा सहयोगी स्टाफ रखना है। वहीं कहा जा रहा है कि गंभीर का वेतन अभी तय किया जाना बाकी है, हालांकि ये उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के समान होने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि गौतम गंभीर के लिए जिम्मेदारी संभालना ज्यादा अहम था। वेतन और अन्य चीजों पर काम किया जा सकता है। ये 2014 में रवि शास्त्री जैसा मामला ही है जिसमें उन्हें पहली बार मुख्य कोच डंकन फ्लेचर की जगह क्रिकेट निदेशक बनाया गया था।

## गौतम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद हरभजन सिंह ने शेयर किया पोस्ट, लिखी दिल की बात



नई दिल्ली, 10 जुलाई। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के हेड कोच के तौर पर गौतम गंभीर के नाम की घोषणा कर दी है। गौतम गंभीर भारत के 25वें मुख्य कोच बने हैं। इससे पहले वह आईपीएल में दो टीम के साथ काम कर चुके हैं। कोच बनने के बाद दुनिया भर के तमाम क्रिकेटर्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। हरभजन सिंह ने भी उन्हें इसके लिए बधाई दी है। भज्जी ने कहा है कि आपका एग्रेशन खिलाड़ियों को उत्कृष्टता के मार्ग पर ले जाएगा। हरभजन सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में नई पारी के लिए गौतम गंभीर को बधाई। मुझे यकीन है कि आपका अनुभव, ऊर्जा, जुनून, एग्रेशन और प्रतिभा टीम को अच्छे मार्ग पर ले जाएगी। मेरी तरफ से आपको ढेरों शुभकामनाएं दोस्त।

# नोवाक जोकोविच ने विंबलडन सेमीफाइनल में की एंट्री

नई दिल्ली, 10 जुलाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं।'' उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने 'क्रैक' की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात



## यामल और ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन यूरो 2024 के फाइनल में

बर्लिन, 10 जुलाई। युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने बुधवार को फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। स्पेन को मैच के दौरान फ्रांस की प्रशिक्षित और मजबूत रक्षापंक्ति का सामना करना पड़ा। हालांकि, 21वें मिनट में स्पेन के युवा खिलाड़ी यामल ने एक शानदार शॉट के जरिए गोलकर स्कोर को एक-एक से बराबर कर दिया। यह शॉट इतना जबर्दस्त था कि फ्रांस के गोलकीपर के पास बचाव करने का मौका भी नहीं मिला। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए।

## राहुल द्रविड़ ने साथियों के लिए किए 2.5 करोड़ रुपये कुर्बान!

नई दिल्ली, 10 जुलाई। राहुल द्रविड़ की विनम्रता एक बार फिर देखने को मिली, जब निवर्तमान मुख्य कोच ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीओआई) द्वारा दिए जाने वाले 2.5 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बोनस को लेने से इनकार कर दिया। द्रविड़ ने यह सुनिश्चित करने का फैसला किया कि सीनियर पुरुष टीम के सभी सहयोगी स्टाफ सदस्यों को समान बोनस पुरस्कार मिले। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ सहित टीम इंडिया के सदस्यों के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की। खिलाड़ियों और राहुल द्रविड़ को जहां 5 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर, गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे और फील्डिंग कोच टी दिलीप सहित सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों को बोनस के रूप में 2.5 करोड़ रुपये मिलने वाले थे। हालांकि, इंडिया टुडे को एक सूत्र ने बताया कि राहुल द्रविड़ ने बोर्ड से कहा कि वह बोनस के रूप में केवल 2.5 करोड़ रुपये लेंगे।

# रोहित शर्मा को लेकर कुलदीप यादव ने किया बड़ा खुलासा, कहा- वो मेरे भाई की तरह



नई दिल्ली, 10 जुलाई। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 विनिंग टीम का हिस्सा रहे कुलदीप यादव ने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उनकी कमबैक स्टोरी भी काफी इंस्पायरिंग है, कुलदीप यादव एक समय टीम इंडिया प्लान से आउट हो चुके थे। लेकिन उन्होंने अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव किए और टीम इंडिया में बेहतरीन वापसी की। वहीं अपने करियर में नई उड़ान का श्रेय उन्होंने रोहित शर्मा को दिया है। इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा के बारे में कई खुलासे भी किए हैं।

दरअसल, कुलदीप से रोहित शर्मा के साथ कमेंट्री पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, वो हमेशा से बहुत सपोर्टिव रहे हैं, और उनको हमेशा से मेरी स्किल्स में काफी ज्यादा विश्वास रहा है। एक समय था, जब मैं अपनी खुद की स्किल्स को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं था। वो मुझसे बदलाव को लेकर बात करते रहते थे। 2019 के दौरान उन्होंने कहा कि मैं गेंदबाजी में क्या बदलाव करके बेहतर बन सकता हूं।

रोहित भाई को लगता था कि मैं कुछ क्षेत्रों में थोड़े बदलाव कर लूं तो मैं बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मुश्किलें पैदा कर सकता हूं। जब मैं अपनी इंजरी से वापस आया, तो मुझसे लगातार बदलाव की बात करते रहते थे। जो मैंने अपनी गेंदबाजी में किए भी। वो बड़े भाई जैसे हैं, और मुझसे बहुत प्यार करते हैं। वो काफी ज्यादा मुंहफट हैं और सीधा बताते हैं कि उन्हें मुझसे क्या चाहिए। उनके पास मेरे लिए एक तय प्लान था कि मुझे बीत के ओवरों में आकर विकेट चटकाना है। वो मुझे अटैकिंग स्पिनर के तौर पर इस्तेमाल करना चाहते थे।

### आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में भारत की विजयी शुरुआत

# भारतीय यूथ टीम की जीत में रवि के डेढ़ दर्जन गोल

## बांग्लादेश को 45-35 गोलों से हराया, आज भी खेले जायेंगे चार मैच

जयपुर, 10 जुलाई। आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप में बुधवार को यूथ (अंडर-18) वर्ग में मेजबान भारत ने अपना विजयी अभियान शुरू करते हुए कप्तान रवि के शानदार 15 गोलो की बदौलत बाग्लादेश को 45-35 गोलो से पराजित किया। माध्यतर तक भारत ने 27-16 गोलो की बढत बनाये हुए थी। मैच के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर चुने गये रवि पूरे मैच में छाये रहे। उसने 15 गोलो के अलावा साथी खिलाड़ियों के साथ शानदार तालमेल भी बनाया। उसके अलावा प्रवीण गिल ने 9, रोहित-रोहित ने 8-8, मनिष यादव व नवदीप ने 2-2 और प्रवेश ने 1 गोल किया। बाग्लादेश के लिए मोहम्मद अतीक हुसैन आकाश ने सर्वाधिक 7 गोल किये। तोफिक कूर रहमान, मोहम्मद इबादत हुसैन रासेल ने 6-6,



मोहम्मद सोहाग अली ने 5, मोहम्मद फहीम फेजल माहिर ने 4, मोहम्मद रातुलिदीन, मोहम्मद अनिक इस्लाम ने 3-3 और रिजवान बिन फारूक अन्नान ने 1 गोल का योगदान दिया। दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे ने मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के रवि को पुरस्कार दिया। इससे पहले जूनियर (अंडर-20) के रोमांचक मैच में मालदीव ने नेपाल को हराया। पहले हॉफ (13-14) में एक गोल से पिछड़ने के बाद दूसरे हॉफ में शानदार वापसी करते हुए मालदीव ने पुरूषों की आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप के अंडर-20 आयु वर्ग के रोमांचक मैच में बाग्लादेश को 28 से मुकाबले 30 गोलो से हराया। मालदीव के लिए मोहम्मद यशमू अहमद ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 10 गोल किये। इसके अलावा मोहम्मद अफानाथी ने 7, अहमद राउल असद ने 6, मोहम्मद अमसाल ने 2, मुसा हिबाह इस्माईल रिजा और अहमद उमेस ने 1-1 गोल का योगदान दिया।


**::आम सूचना::**

रजि.सं. 2077/L
क्र.SP1 दि.10.07.2024

समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा दिनांक 28.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे श्री कृष्णा पैराडाइज, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर पर आयोजित की गई है। कोरम पूर्ण न होने पर एक घण्टे बाद पुनः आम सभा की बैठक आयोजित की जावेगी। सूचित रहे। मंत्री,
श्यामपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
मोबाईल नम्बर: 9829044540

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय,
चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (प्रथम)/2024/डी-348 दिनांक-01.07.2024

**सूचना**

बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-मां इन्द्र विहार-बी के भूखण्ड संख्या-67 (क्षेत्रफल 200 वर्गगज) के लिए श्रीमती कमलेश शेखावत पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण सिंह, मनस्विनी राठौड एवं श्री तेजस्विनी राठौड जरिये संरक्षक माता कमलेश शेखावत राठौड ने जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं सजरा पत्र के आधार पर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त भूखण्ड के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया गया है। यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को सूचित करें, अन्यथा आवेदकों के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन कर दिया जावेगा।
उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-I, जविप्रा, जयपुर

**सार्वजनिक सूचना** कार्यालय उपायुक्त (झोटवाड़ा जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
क्रमांक:-एफ-30( )झो. जोन / न.नि.ग्रे. /2024/577 दि: 08.07.24

भूखण्ड संख्या 203,204 महात्मा गांधी नगर, (आनन्द भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि० जयपुर) का जयपुर विकास प्रधिकरण जयपुर द्वार श्री किशनलाल खटीक पुत्र श्री मोती राम खटीक का क्षेत्रफल 360 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था मूल आवंटि ने जरिए मुख्यतयारनामा आम द्वारा श्री सीताराम कुमावत पुत्र शोलाराम कुमावत के हक में भूखण्ड संख्या 203 जिसका क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज का किया गया. श्री सीताराम कुमावत पुत्र शोलाराम कुमावत के द्वारा जरिए रजिस्ट्री उक्त भूखण्ड का बेचान श्री नवीन औदिच्या पुत्र श्री पण्डित दाउलाल शर्मा के पक्ष में बेचान किया। श्री नवीन औदिच्या पुत्र श्री पण्डित दाउलाल शर्मा जरिए रजिस्ट्री डॉ. आरती मिठा पत्नी श्री डॉ. नरेश मिठा के हक में बेचान किया। डॉ. आरती गिठा पत्नी श्री डॉ.नरेश मिठा के द्वारा जरिए रजिस्ट्री श्री दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र श्री जगदीश कुमार मिश्रा के हक में बेचान किया। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये मूल दस्तावेजों के आधार पर श्री दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र श्री जगदीश कुमार मिश्रा के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पत्रांक 175 दिनांक 22.07.2022 से उपविभाजन व पत्रांक 176 दिनांक 22.07.2022 से नामहस्तान्तरण इनके पक्ष में हो चुका है अब अवेदक के नाम से लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड मूल दस्तावेज भूखण्ड संख्या 204 के भूखण्ड स्वामी के द्वारा बैंक में जमा करवाया गया है जिसका एलआईसी नं0 3/161 दिनांक 12.04. 2010 का पत्र पेश किया है अतः उक्त भूखण्ड का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 7 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यलय उपायुक्त झोटवाडा जोन में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के बाद विधिवत नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर ली जायेगी।
उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर



**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**अधिसूचना** मेरे मुवक्किल खुशी मोहम्मद पुत्र जाफर अली मनिहार आयु 62 वर्ष निवासी 28 तैलियों का मौहल्ला, चौबदारों की गली, रतनगढ, चूरू, राज. की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि जो कोई मेरे मुवक्किल के बेटे आसिफ से लेन देन या कोई व्यवहार रखेगा वो स्वयं उसके लिये जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल का अपने बेटे आसिफ से कोई वास्ता नहीं है क्यों कि बेटे की नाफरमानीयों से तंग आकर उसे अपने घर से निकाल कर अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे मुवक्किल की मौत के बाद आसिफ का खुशी मौहम्मद की चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नहीं रहेगा।
दिनांक-10.7.2024
(मौहम्मद रियाज खॉन) एडवोकेट, मो. 9414456786

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 19/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री बाबू लाल नाथ, श्री पदमनाथ मंदिर श्री भूतहरि जी महाराज तहसील मालाखेडा जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर की भूतहरि जी महाराज तहसील मालाखेडा जिला अलवर के प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.08.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**खोया पाया**

दुकान संख्या K-14 SECTOR-6 ZONE-68B मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। ऊषा गुप्ता मो. 8824901095

मेरा फ्लैट संख्या 29/एच-04 जीएफ गोदावरी अपार्टमेन्ट सेक्टर-29 आर.ए.बी., प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर की मूल कन्वेंस डीड एवं परिच्युअल लीज डीड मुझसे कहीं गुम हो गया है। जो कि काफी तलाश करने पर भी मुझे नहीं मिल पा रही है। सुनिल कुमार शर्मा मो. नं. 8104737775

**नाम परिवर्तन**

मैं गायत्री कुमारी पुत्री अजीत कुमार घोष, निवासी ए-703 द्वारका अपार्टमेंट मानसरोवर जयपुर ने सत्यम कुमार घोष से विवाह के बाद अपना नाम बदलकर गायत्री घोष रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मैंने अपना नाम कमल से बदलकर कमल सबनानी पुत्र श्री वासदेव सबनानी, माता पूनम सबनानी रख लिया है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। निवासी-बी-12/7 तिवाडी जी का बाग, 20 दुकान आदर्श नगर, जयपुर।

मैंने अपना नाम दिनेश सोनी से बदलकर दिनेश कुमार सोनी रख लिया। भविष्य में मुझे दिनेश कुमार सोनी पुत्र मनोहर लाल सोनी निवासी-16, सुख विहार कॉलोनी, गुर्जर की थडी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर नाम से जाना पहचाना जाये।

मैंने मेरा नाम आनंद कुमार से बदलवाकर आनंद कुमार सैनी रख लिया है। मेरे अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम आनंद कुमार सैनी पुत्र श्री सुंदर मल सैनी ही दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी फ्लैट नं.-1, आनंद लुक्ससुरिया, प्लॉट नं. 121, रेडूराम नगर पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर जयपुर (राजस्थान)

मैंने अपना नाम नूरिन पुत्री आमिर खान से बदलकर नूरिन खान (Noorin Khan) पुत्री आमिर खान रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

I have changed my name from Babu Khan to Haji Babuddin S/o Mo Husain, and my Dob is 01/01/1960 for all future Purpose Add: 27. Rahim Nagar, Nai Ki Thadi, Lalwas, Jaipur. 302027

I Santi Devi legally wedded spouse of service no 2871151W Ex NAIk Late Deshraj jat R/O B-85 pratap Nagar ext Tagore iti road murlipura jaipur that have changed my name From SANTI DEVI (DOB 1-1-1961) To SHANTI DEVI (DOB 20/8/1961) vide affidavit dated 9 July 2024 before district notary Jaipur

I Have Changed My Name From JITNEDRA SINGH To JITENDRA SINGH For All Future Purpose. R/O Ward No. 6, khandwa Patta, Jhariya, Churu

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAIWASA, P.S. PALSANA (SIKAR)**
No. : Proc./2024-25/146-147 Date : 08.07.2023
**E-Tender Notice No. 01/2023-24**
Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Raiwasa Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 18.07.2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state and at Gram Panchayat Raiwasa Office in all working Days.
NIB No.:- PSP2425A0021 UBN No.:- PSP2425GLRC00024
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT RAIWASA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH
GRAM PANCHAYAT RAIWASA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, शाहपुरा-जयपुर ग्रामीण**
Ph. 01422-272066 Email- shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक :- न.पा.शा. / 2024 / 1106 दिनांक :- 10.07.2024
**निविदा सूचना वर्ष 2024-25**
नगरपालिका शाहपुरा जयपुर द्वारा निम्नानुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in कार्यालय समय सूचना बोर्ड पर देखा जा सकता है।
SPPP UBN
DLB2425WSOB02948
राज.संवाद / सी / 24 / 2055
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका शाहपुरा, जयपुर

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
(हवामहल के पीछे पुराना पुलिस मुख्यालय जयपुर 302001)
क्रमांक :- एफ. ( ) मु0स्वा0अधि0/ननिज हैरिटेज/2024-25/212 दिनांक :- 08/07/2024
**निविदा सूचना संख्या 02/2024-25 (मुख्यालय) नगर निगम हैरिटेज जयपुर**
केन्द्र / राज्य सरकार / नगर निकायों के सभी विभागों में पंजीकृत श्रेणी के संवेदक / ठेकेदार / मैन्युफेक्चरिंग / सप्लायर (सम्बधित) से नगर निगम हैरिटेज जयपुर के स्वास्थ्य स्टोर में स्थाई सफाई समाग्री आपूर्ति कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त, तकनीकी पत्र आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम हैरिटेज जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती। UBN No. JMC2425GLOB00267 हैं।
राज.संवाद/सी/24/2028
उपायुक्त (स्वास्थ्य)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**आवश्यकता**

आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
कार्य समय: सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: अमित
मोबाईल नं.: 7905717804
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर